2023-24 चीनी सीज़न के लिए गन्ने का एफ़ आर पी 10 रुपए बढ़कर 315 रुपये प्रति क्विंटल हुआ

भारत सरकार ने चीनी सीज़न 2023-24 (अक्तूबर-सितंबर) के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफ़ आर पी) 315 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है जो कि 2022-23 चीनी सीज़न से 10 रुपये अधिक है।

भारत की आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सी सी ई ए) ने 28 जून, 2023 को चीनी सीज़न 2032-24 के लिए गन्ने के एफ़ आर पी को मंज़ूरी दी थी।

चीनी सीज़न 2023-24 के लिए एफ़ आर पी मौजूदा चीनी सीज़न 2022-23 की तुलना में 3.28% अधिक है। 2022-23 सीज़न के लिए एफ़ आर पी 305 रुपये प्रति क्विंटल है।

चीनी मिलें 1 अक्तूबर, 2023 से किसानों से नई एफ़ आर पी पर गन्ने की खरीद करेंगी।

एफ़ आर पी, 100 किलो गन्ने से 10.25% की मूल वसूली दर के लिए है। वसूली में प्रत्येक अतिरिक्त 0.1% वृद्धि के लिए, एफ़ आर पी पर 3.07 रुपये प्रति क्विंटल का प्रीमियम और वसूली में हर 0.1% की गिरावट के लिए 3.07 रुपये प्रति क्विंटल की कटौती होगी।

किसानों के हितों की रक्षा के लिए, सी सी ई ए ने यह भी निर्णय लिया कि चीनी मिलों के मामले में कोई कटौती नहीं होगी जहां वसूली 9.5% से कम है। ऐसे किसानों को आगामी चीनी सीज़न 2023-24 में गन्ने के लिए 291.975 रुपये प्रति क्विंटल मिलेगा, जो मौजूदा चीनी सीज़न 2022-23 में 281.125 रुपये प्रति क्विंटल था।

एफ़ आर पी का निर्धारण कृषि लागत और मूल्य आयोग (सी ए सी पी) की सिफारिशों के आधार पर, राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों के परामर्श के बाद किया जाता है।

जहां भारत सरकार किसानों को चीनी मिलों द्वारा भुगतान किए जाने वाले एफ़ आर पी की घोषणा करती है, वहीं देश के कई राज्यों में गन्ना उत्पादकों को भुगतान की जाने वाली दरों को निर्धारित करने के लिए अपना तंत्र है। इसे राज्य विवेचित मूल्य (एस ए पी) कहते हैं।

फिलहाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा और पंजाब में गन्ने के लिए अपना स्वयं का एस ए पी है, जिसका भुगतान इन राज्यों में चीनी मिलों द्वारा किसानों को किया जाता है। एस ए पी, एफ़ आर पी से अधिक है।

5 सालों में गन्ने का एफ़ आर पी और राज्यों का एस ए पी (2018-19 से 2022-23)

साल	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
अखिल भारतीय एफ़ आर पी (रुपये/क्विंटल)	275	275	285	290	305
उत्तर प्रदेश एस ए पी (रुपये/क्विंटल)					
अगेती किस्म	325	325	325	325	350
मध्य किस्म	315	315	315	315	340
पछेती किस्म	310	310	310	310	335
उत्तराखंड एस ए पी (रुपये/क्विंटल)					
अगेती किस्म	327	327	327	327	355
मध्य किस्म	317	317	317	317	345
पछेती किस्म	310	310	310	310	-
हरियाणा एस ए पी (रुपये/क्विंटल)					
अगेती किस्म	340	340	350	362	372
मध्य किस्म	335	335	345	355	365
पछेती किस्म	335	335	345	355	365
पंजाब एस ए पी (रुपये/क्विंटल)					
अगेती किस्म	310	310	310	360	380
मध्य किस्म	300	300	300	350	370
पछेती किस्म	295	295	295	345	365